प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 08.03.2026**

**मुख्य समाचारः–**

1– अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आज देशभर में हो रहे हैं अनेक कार्यक्रम– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत की महिला शक्ति हर क्षेत्र में नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रही है और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

2– बस्तर जिले में आयोजित सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महतारी वंदन योजना की पच्चीसवीं किस्त के रूप में छह सौ इकतालीस करोड़ रूपए से अधिक की राशि महिलाओं के खातों में अंतरित की।

3– ''अस्मिता लीग'' के तहत छत्तीसगढ़ के पांच जिलों सहित देशभर के दो सौ पचास स्थानों पर एथलेटिक्स लीग का आयोजन किया गया।

**और**

4– छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र अवकाश के बाद कल से फिर शुरू होगा–सदन में विभागवार अनुदान मांगों पर होगी चर्चा।

.........

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस–01

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इस वर्ष का विषय – ''महिलाओं और बालिकाओं के लिए अधिकार, न्याय और प्रयास'' है

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि महिलाएं अवसर और सहयोग मिलने पर हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल कर सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि उद्यमिता हो या कॉर्पोरेट जगत, महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

वहीं, केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रही है।

## प्रधानमंत्री–अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में लगभग तैंतीस हजार पांच सौ करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को लगातार मजबूत और विस्तारित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, महिला सशक्तिकरण में एक नया अध्याय लिख रहा है और महिलाएं देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत की महिला शक्ति हर क्षेत्र में नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रही है और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बड़े गर्व के साथ कहता हूं कि मेरी माताओं–बहनों में कितना सामर्थ्य है अगर उनको अवसर दिया जाए तो कैसे–कैसे नई–नई सिद्धियां हासिल कर सकती हैं। मुझे आज खुशी के साथ कहना है कि देश में तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का जो संकल्प किया था, वो पूरा हो चुका है।**

## छत्तीसगढ़–अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बस्तर जिले में आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने महतारी वंदन योजना की पच्चीसवीं किस्त के रूप में छह सौ इकतालीस करोड़ रूपए से अधिक की राशि महिलाओं के खातों में अंतरित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना प्रदेश की मातृशक्ति के जीवन में सुरक्षा, सम्मान और आत्मविश्वास की नई रोशनी लेकर आ रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार माताओं और बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए वचनबद्ध है।

वहीं, रायपुर स्थित लोकभवन में महिला सम्मान समारोह कार्यक्रम में महिलाओं ने फूलों की होली खेली। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और आदिवासी विकास के क्षेत्र में कार्य करने वाली प्रदेश की विभिन्न महिलाओं को सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि नारी शक्ति इस देश के विकास की धुरी है और सरकार अंतिम पंक्ति की महिलाओं तक विकास पहुंचाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने भी महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं और नीतियां विकसित की हैं।

इसी तरह, रायपुर में "मैं भारत हूं" थीम पर आयोजित बाइक और स्कूटी रैली में दो हजार से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया और राष्ट्रभक्ति, अनुशासन तथा महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया। समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी शामिल हुए।

इधर, भिलाई इस्पात संयंत्र में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर "शक्ति 2026" का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं के लिए व्याख्यान और प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## विधानसभा सत्र

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र अवकाश के बाद कल से फिर शुरू होगा। कल से सदन में विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा होगी, जो सत्रह मार्च तक चलेगी। सत्र के दौरान सत्रह मार्च को छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक पेश किया जाएगा, जबकि अठारह मार्च को इस पर चर्चा और पारित करने की तिथि निर्धारित की गई है।

**''अस्मिता लीग''–01**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर में युवा कार्य और खेल राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने ''अस्मिता लीग'' का शुभारंभ किया। ''अस्मिता लीग'' के तहत देशभर के दो सौ पचास स्थानों पर एथलेटिक्स लीग का आयोजन किया गया। यह आयोजन खेलो इंडिया के लैंगिक समानता के मिशन का हिस्सा है। इसका उद्देश्य लीग और प्रतियोगिताओं के माध्यम से महिलाओं में खेलों को बढ़ावा देना है।

इधर, छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग, जशपुर, महासमुंद और राजनांदगांव जिलों में भी ''अस्मिता लीग'' का आयोजन किया गया।

रायपुर के कोटा स्थित विवेकानंद स्टेडियम में एथलेटिक्स प्रतियोगिता हुई। इसमें विभिन्न आयु वर्गों में सौ मीटर, दो सौ मीटर और चार सौ मीटर की दौड़ आयोजित की गई, जिसमें पांच सौ से अधिक छात्राओं और महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

माई भारत छत्तीसगढ़ के राज्य निदेशक अर्पित तिवारी ने कहा कि माई भारत' मंच के माध्यम से हम प्रत्येक युवा को अपनी पूरी क्षमता पहचानने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। खेल केवल शारीरिक फिटनेस के बारे में नहीं हैं; वे नेतृत्व, लचीलापन और राष्ट्रीय गौरव की भावना विकसित करने का एक सशक्त माध्यम हैं।

वहीं, दुर्ग जिले के ग्राम मर्रा स्थित खेलों इंडिया लघु केन्द्र में भी महिलाओं के लिए अस्मिता लीग का आयोजन किया गया। माय भारत के उपनिदेशक नितिन कुमार शर्मा ने बताया कि महिलाओं के लिए दौड़ और रस्साकशी जैसे अनेक आयोजन किए गए। साथ ही महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

**"अस्मिता लीग"–02**

इसी तरह, महामसुंद जिले के एकलव्य विद्यालय भोरिंग परिसर में अस्मिता लीग का आयोजन हुआ। जिला युवा अधिकारी वसुंधरा साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य, फिटनेस और खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के अंतर्गत तीन आयु वर्गों में दौड़ का आयोजन किया गया।

इसके अलावा जशपुर के रणजीता स्टेडियम में आयोजित 'अस्मिता लीग' में डेढ़ सौ महिला और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला युवा अधिकारी सुमेधा पवार ने बताया कि देशभर के चयनित दो सौ पचास जिलों में जशपुर जिले को भी शामिल किया गया था।

**पूर्व डीजीपी–निधन**

छत्तीसगढ़ के पूर्व पुलिस महानिदेशक विश्वरंजन का बीती रात निधन हो गया। उन्होंने पटना में एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे।

गौरतलब है कि विश्वरंजन छत्तीसगढ़ के छठवें डीजीपी रहे हैं। वर्ष दो हजार सात में राज्य सरकार ने उन्हें छत्तीसगढ़ पुलिस का प्रमुख नियुक्त किया था। वे लगभग चार वर्ष तक डीजीपी के पद पर रहे।

**संक्षिप्त समाचार**

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूर्व लोकसभा सांसद स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव की जयंती के अवसर पर आज रायपुर स्थित अपने निवास में उनके छायाचित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

– कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम तमजीरा में आज से जल महोत्सव का शुभारंभ किया गया।

– कोरबा जिले के दर्री थाना क्षेत्र में हसदेव नदी में नहाने के दौरान एक युवक बह गया है, जिसकी तलाश की जा रही है।

– बस्तर जिले के चिखलपुटी बायपास मार्ग पर हुई एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य युवक घायल हो गया है।

– बस्तर जिले के ग्राम कलचा में आयोजित मेले में बीती रात दो युवकों की हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

और

– मोहला–मानपुर जिले के बागडोंगरी में एक बाघ के आने से ग्रामीणों में दहशत है। वन विभाग ने अलर्ट जारी किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>